HIMACHAL PRADESH THIRTEENTH VIDHAN SABHA

(Ninth Session)

Questions For Oral Answer

Tuesday, 8th September, 2020/17th Bhadrapada, 1942 (Saka)

[Chief Minister - Jal Shakti Minister - Urban Development Minister - Social Justice & Empowerment Minister - Technical Education Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister - Industries Minister - Education Minister - Health and Family Welfare Minister - MPP & Power Minister - Forest Minister and Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister].

Total No. of Questions - 34

Dalhousie Cantt-Bharjata-Bathri Road

*2905 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether it is a fact that Dalhousie Cantt.-Bharjata-Bathri road has been sanctioned under NABARD; if yes, by when the work will be started?

पदपूर्ति

*2906 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं व कितने रिक्त हैं; इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा वर्गवार, मण्डलवार व उप-मण्डलवार दें?

National Paragliding School

***2907 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether the Government will consider to set-up a National Paragliding School in the State; if yes, has the site been finalized and by when it will be started;

(b) has any Consultant been hired for the same to ensure the safety measures and finalize Financial and other guidelines; if yes, details be given; and

(c) have any funds been sanctioned for training school/facilities; if yes, details be given?

सुजानपुर टाउन हॉल

***2908 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुजानपुर टाउन हॉल के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

बस अड्डे का निर्माण

***2909 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भोरंज में प्रस्तावित बस अड्डे के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

सड़क निर्माण

***2910 डॉ0 (कर्नल) धनी राम शांडिल (सोलन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत मालगा से कून वाया बलौनी खड्ड सड़क निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

ट्रांसफार्मर

*2911 **श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि इस वर्ष प्रदेश में कितने नए ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं तथा विद्युत मण्डल करसोग में कितने ट्रांसफार्मर किन-किन स्थानों पर लगाए जाएंगे; ब्यौरा दें ?

सड़क निर्माण

*2912 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नाबार्ड व पी0एम0जी0एस0वाई0 के तहत सड़कों के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; सड़कों के नाम, स्वीकृत व व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा दें तथा जो सड़कें बंद पड़ी हैं उन्हें चालू करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

पंप ऑपरेटर/फिटर की नियुक्ति

*2913 **श्री रमेश चंद ध्वाला(ज्वालामुखी) :**
श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु(नदौन) :

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितने पंप हाउस का पंपिंग तथा लघु मरम्मत का कार्य ठेके पर दिया गया है; ब्यौरा मण्डलवार दें;

(ख) इन कार्यों हेतु कितने कर्मचारियों को ठेकेदारों के माध्यम से रखा गया है; ठेकेदार का नाम तथा कर्मचारियों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें;

(ग) क्या सभी कार्यरत कर्मचारी इन कार्यों को करने के लिए प्रशिक्षित हैं; ब्यौरा दें; और

(घ) प्रदेश के जल शक्ति विभाग के अन्तर्गत विभिन्न वृत, मण्डल व उप-मण्डलों में कितने पम्प ऑपरेटर, फिटरज़, मल्टी पर्पज़ वर्करज़ शिमला क्लीनवेज़ कम्पनी द्वारा रखे गए; नाम और पते सहित ब्यौरा दें?

पुल निर्माण

***2914 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि रावी नदी पर निर्माणाधीन पुल का डिजाइन विभाग ने उपलब्ध नहीं करवाया है; यदि हां, तो यह डिजाइन कब तक उपलब्ध करवा दिया जाएगा?

आत्महत्या के मामले

***2915 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक प्रदेश में कितने लोगों ने आत्महत्याएं की; इनमें से कितनी आत्महत्याएं जनवरी, 2020 से 31 जुलाई, 2020 तक दर्ज़ हुई; और

(ख) क्या इस अवधि के दौरान आत्महत्याओं की घटनाएं बढ़ी हैं; यदि हां, तो कारण?

मिनी सचिवालय

***2916 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बड़सर मैहरे में मिनी सचिवालय के निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

मल्टीपर्पज स्पोर्टस कॉम्पलेक्स

***2917 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) राजकीय महाविद्यालय जुखाला में मल्टीपर्पज़ स्पोर्टस कॉम्पलेक्स का निर्माण करने का सरकार विचार रखती है; यदि हां, तो क्या इसका प्राक्कलन तैयार कर दिया गया है; इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) राजकीय महाविद्यालय श्री नैना देवीजी के भवन का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

Government Degree College

***2918** **Sh. Nand Lal(Rampur) :**

Will the **Education Minister** be pleased to state the latest position of construction of building of Government Degree College Nankhari and Jeori; whether the land has been acquired at Jeori and how much amount has been sanctioned for their construction and by when the work will be completed?

नई राहें-नई मंजिलें

***2919** **श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत "नई राहें-नई मंजिलें" योजना के तहत कौन-कौन से कार्य प्रस्तावित हैं; ब्यौरा दें?

पब्बर नदी तटीयकरण

***2920** **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पब्बर नदी के तटीयकरण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

अतिरिक्त वेतनमान

***2921** **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किन-किन विभागों के कर्मचारियों को एक माह का अतिरिक्त वेतनमान प्रदान किया जाता है तथा इसके क्या मापदण्ड हैं; ब्यौरा दें?

सम्पर्क मार्ग

***2922** **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों से दिनांक 31 जुलाई, 2020 तक

स्पीलो गांव, कानम निचले गांव, रूशकलन से ज्ञाबुग, याशग व रंगमेंच चगांव, रूपी तथा नाथपा सम्पर्क मार्गों का कितना निर्माण कार्य किया गया तथा इनकी अद्यतन स्थिति क्या है?

Sundla-Surgani Project

***2923 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of Sundla-Surgani HEP 48 MW project given to HPPCL for execution; and

(b) has the funding for this been arranged?

पदपूर्ति

***2924 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं व कितने रिक्त हैं; इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; वर्गवार, मण्डलवार व उप-मण्डलवार ब्यौरा दें?

जूनियर ऑफिस असिस्टेंट

***2925 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जूनियर ऑफिस असिस्टेंट पोस्ट कोड-556 के संदर्भ में विधान सभा प्रश्न संख्या 1502 दिनांक 13 दिसम्बर, 2019 के उत्तर में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई अमल में लाई गई तथा इसकी अधिसूचना कब तक जारी कर दी जाएगी?

किसानों को लाभ

***2926 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में

दिनांक 31.03.2020 तक भोरंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कृषि विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कितने किसानों को लाभान्वित किया गया है; ब्यौरा योजनावार नाम व पते सहित दें?

लघु उठाऊ सिंचाई योजना

***2927 डॉ0 (कर्नल) धनी राम शांडिल (सोलन) :**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि लघु उठाऊ सिंचाई योजना सैंज-कसौली-कंडाघाट तथा गरू के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

चिण्डी-चारकुफरी-पांगणा-कैंची मोड़ सड़क

***2928 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चिण्डी-चारकुफरी-पांगणा-कैंची मोड़ सड़क निर्माण की चौड़ाई, ब्लैक स्पॉट कटिंग व मैटलिंग/टारिंग का कार्य कितनी लागत से किया जा रहा है; ब्यौरा दें; और

(ख) इस सड़क की कुल कितनी लम्बाई है और यह कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

टाइगर जोड़ा

***2929 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि रेणुका वन्य प्राणी सेंचुरी एरिया में एक टाइगर का जोड़ा लाना प्रस्तावित था; यदि हां, तो इस सन्दर्भ में क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

ओ0बी0सी0 सदस्य

***2930 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग तथा हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ सेवाएं चयन आयोग में ओ0बी0सी0 से सम्बन्धित कोई भी सदस्य नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ओ0बी0सी0 का सदस्य मनोनीत करने का विचार रखती है?

रज्जू मार्ग

***2931 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि रोप-वे कॉरपोरेशन द्वारा तड़ ग्राम में रज्जू मार्ग बनाने का सर्वेक्षण किया गया है; यदि हां, तो इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

मकान मरम्मत

***2932 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि यह सत्य है कि अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक से सम्बन्ध रखने वाले लोगों को मकान की मरम्मत हेतु मिलने वाली सहायता राशि को प्रदेश सरकार द्वारा बन्द कर दिया गया है; यदि हां, तो कारण?

लघु सिंचाई योजनाएं

***2933 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक लघु सिंचाई योजना कोठीपुरा,नेरी जामली एवं चिल्ला साई ब्राह्मणा की निविदाएं कब की गईं; कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; इनका कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

Deothi Rest House

***2934 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state the latest position of construciton of PWD Rest House at Deothi?

MLA Priority

***2935 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last 3 years upto 31.07.2020, how many MLA priority roads in Kullu Assembly Constituency have been completed; how many cases have been submitted by PWD Kullu Division to the District Administration; details along with pendency of each case be given?

विधायक प्राथमिकता

***2936 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता की कितनी डी0पी0आरज0 लम्बित हैं; ब्यौरा योजनावार दें ?

भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित

***2937 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में भिन्न-भिन्न विभागों में भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के कितने पद रिक्त हैं; इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा विभागवार व पदवार दें?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

***2938 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हांगो, बड़ा खम्बा व सापनी में बिजली, पानी के कनैक्शन व Septic Tanks का प्रावधान नहीं है; यदि हां, तो इन सुविधाओं का प्रावधान कब तक कर दिया जाएगा; और

(ख) इन स्वास्थ्य केन्द्रों को सड़क सुविधा कब तक उपलब्ध करवा दी जाएगी; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांकः 22 अगस्त, 2020 . **सचिव।**